## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम के पैतृक गांव में भीशण पेयजल संकट की मार बरकरार

**जिम्मेदार कौन**

## पांच सौ से अधिक की आबादी को पेयजल की समस्या से पड़ रहा जूझना

निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।

पिथौरागढ़। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पैतृक गांव टुंडी से लगे बारमों गांव में इन दिनों भीषण पेयजल संकट की मार बरकरार है। बता दें कि बारमों गांव में पेयजल की कमी के चलते लगभग पांच सौ से अधिक की आबादी को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वही कई बार इस मामले पर गांव के ग्रमीण पेयजल निगम को अवगत करा चुके है मगर इनकी समस्या की ओर अब तक ध्यान नही दिया गया है।

वही हालात अतने बद्त्तर हो चुके है कि गांव की ग्रामीण महिलाओं के साथ ही स्कूली बच्चों को तीन किमी दूरी पर स्थित भेलीगाड़ से पीने का पानी ढ़ोने को मजबूर होना पड रहा है। दूसरी ओर आलम यह है कि गांव के ग्रमीण पेयजल पूर्ति के संबधित स्थानीय प्रशासन व जल संस्थान की लापरवाही के आगे मजबूर हो चुके है। गांव के ग्रमीणों का कहना है कि उनके गांव में पिछले चार माह से पेयजल की भीषण किल्लत बरकरार है। गांव के अब तक पेयजल की संबधित महकमें द्वारा कोई संमाधान न निकाले जाने की वजह से गांव के ग्रमीणों को पेयजल की समस्या से दो चार होना पड रहा है। पेयजल व्यवस्था में सुधार न हो पाने के कारण गांव के गामीण महिलाएं व स्कूली बच्चे अपने जरूरी कामकाज छोडकर तीन किमी दूरी पर स्थित भेलीगाड से पानी ढोने को मजबूर हो रहे है। गांवों के ग्रमीणों घरों के नलों में पानी एक बूंद तक नही आ रही है। वही जैसे अपने लिए तीन किमी दूरी पर स्थित भेलीगाड़ से पीने का पानी ला रहे है। दूसरी ओर मवेशियों के लिए पीने का पानी जुटाना और भी मुश्किल हो रहा है। गाव में पेयजल संकट की मार लंबे समय से बरकरार है। जल संस्थान को कई बार अवगत कराने के बाद भी अब तक कोई खास व्यवस्था संबधित महकमा गांव के ग्रमीण जनों के लिए पेयजल की व्यवस्था तक नही करा सका है। सीएम साहब के पैतृक गांव के ग्रमीण ऐसे हालातों में भीषण पेयजल संकट की मार से जूझने को मजबूर हो रहे है।



वही इस बारे में कनालीछीना जल संस्थान के सहायक अभियंता कमल भटट ने कहा कि पीएमजीएसआई की धौडा सड़क के निर्माण कार्य के दौरान चार माह से इलाके की पेयजल योजना के ध्वस्त हो जाने से गांव में पेयजल संकट की मार पड़ी है। लाइन के सुधारीकरण के लिए सामान की पूर्ति कर टीम भेजने के आदेश दे दिये गये है। जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जायेगी।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेसियों ने महंगाई के खिलाफ गोपेश्वर में किया प्रदर्शन

**संवाददाता** गोपेश्वर (चमोली)। प्रदेश व देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से आक्रोशित कांग्रेसियों ने बदरीनाथ के विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी के नेतृत्व में बस स्टेशन पर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया और सांकेतिक धरना दिया। कांग्रेसियों ने तत्काल महंगाई पर रोक लगाने की मांग की। बस स्टेशन पर कांग्रेसियों ने प्रदेश व केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस मौके पर बदरीनाथ के विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी ने कहा कि देश व प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से महंगाई बेलगाम हो गई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, सरिया, सीमेंट के अलावा खाद्य सामग्री के मूल्यों में भी भारी बढ़ोत्तरी से आमजन परेशान है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी पहले से चरम पर थी।

### मवेशियों को लावारिस छोड़ा तो कार्रवाई

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिला मुख्यालय में बेसहारा के साथ पालतू मवेशी लोगों की परेशानी का सबब बनते जा रहे है। पशुपालक भी अपने पालतू पशुओं को दिन भर में लावारिस बाजार में छोड़ रहे हैं। जिससे उनकी तादात बढ़ गई है। बाजारों एवं सड़कों पर घूमते पशु जहां लोगों को चोटिल कर रहे हैं। वहीं सड़कों नी कई बार जाम की स्थिति भी पैदा कर रहे है। दूसरी ओर लावारिस कुत्तों से भी लोग परेशान है। पालिका की ओर से कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। मुख्यालय की मुख्य लाला बाजार से पलटन बाजार तक के मार्ग सहित माल रोड, एलआरसाह रोड पर पालतू व बेसहारा पशु घूमते रहते हैं। नगर के कूड़ेदानों के पास इनका जमघट लगे होने से सड़कों पर जाम एवं बाजारों में घूमने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उभरते कलाकारों ने केएफसी के बकेट कैनवस पर दर्शाई भारतीय शहरों की विशिष्टताएं

**संवाददाता** देहरादून। देशभर में अपने स्वादिष्ट चिकन से लोगों का दिल जीतते हुए और विकास की राह पर आगे बढ़ते हुए, केएफसी इंडिया ने देश भर में 600 रेस्टोरेंट का पड़ाव पार कर लिया है। इस खास मौके पर ब्रांड ने केएफसी बकेट कैनवास अभियान लॉन्च किया है। इस अभियान में देशभर से उभरते कलाकारों को साथ लाया गया, जिन्होंने हर उस शहर जहां केएफसी रेस्टोरेंट है, से प्रेरित होकर केएफसी बकेट के लिए अनूठी डिजाइन बनाई है। भारत के विभिन्न शहरों की कला, वास्तुकला और सांस्कृतिक तत्वों से प्रेरणा लेकर तैयार किए गए ये 150 बकेट सभी केएफसी रेस्टोरेंट में रखे गए हैं। केएफसी के प्रशंसक अपने नजदीकी केएफसी रेस्टोरेंट में इन अनोखे बकेट्स के साथ अपने शहर की खूबसूरती को अनुभव कर सकते हैं।

## लोडर मशीन से टूटी पेयजल लाइन, ग्रामीण भड़के

**संवाददाता** रानीखेत। पर्वतीय क्षेत्रों में जलसंकट गहराने लगा है। कहीं स्रोत सूखने लगे हैं तो कहीं पंपहाउस खराब हैं। जहां पानी है, वहां लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। तुरकौड़ा गांव को द्वारसौं काकड़ीघाट से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण के दौरान पेयजल लाइन ध्वस्त हो गई है। इससे ग्रामीण भड़क उठे हैं। नाराज महिलाएं नानीसार स्थित हरुआ गधेरा जा धमकी। उन्होंने क्षतिग्रस्त पाइपों की जल्द मरम्मत पर जोर दिया। बाद में ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया। इधर लाइन टूटने से अनुसूचित जाति बस्ती मनबजूना गांव की जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इससे करीब दो सौ की आबादी प्रभावित हो गई है।

नगर से कुछ दूर द्वारसौं से लगभग तीन किमी ऊपरी भूभाग पर तुरकौड़ा गांव के लिए सड़क निर्माण चल रहा है। रोड कटान के बाद लानिवि प्रांतीय खंड के अभियंताओं की निगरानी में लोडर मशीन से निर्माण स्थल पर कार्य कराया जा रहा था।

ग्रामीणों के अनुसार, मशीन के चालक ने लापरवाही बरतते हुए पेयजल लाइन ध्वस्त कर डाली। जलापूर्ति ठप होने की वजह पाता लगी तो लोग आक्रोशित हो उठे। नाराज महिलाएं सोमवार को तुरकौड़ा स्थित निर्माण स्थल पर जा पहुंची। हालांकि कार्यदायी संस्था या लोनिवि के अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं थे। वहीं ग्राम प्रधान धना देवी ने खुद के प्रयासों से लाइन जुड़वाने के प्रयास किए मगर जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जोड़ने के लिए ठेकेदार को निर्देशित कर दिया है।


कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) ग्रामीण निर्माण विभाग,तपोवन मार्ग,रायपुर रोड,देहरादून।

पत्रॉकः– 11 / दो–सामग्री नीलामी / ग्रा0नि0वि0 / 2021–22 / दिनांकः 01 अप्रैल 2022

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) ग्रामीण निर्माण विभाग,तपोवन रोड, देहरादून में कार्यालय की विभिन्न निष्प्रयोज्य सामग्री की दिनॉक 16.04.2022 को पूर्वान्ह 11.30 बजे नीलामी की जानी है। इच्छुक बोलीदाता उक्त तिथि को कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर–1) ग्रामीण निर्माण विभाग, तपोवन रोड, देहरादून परिसर में 11:00 बजे से उपस्थित हो सकते है। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बोली से पूर्व रू0 1000.00 (रू0 एक हजार मात्र) की धनराशि अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करनी होगी। इस धनराशि को जमा किये बिना कोई भी व्यक्ति नीलामी बोली में शामिल नहीं हो सकेगा।

सामग्री की नीलामी जहॉं पर है तथा जिस स्थिति में है, के आधार पर समिति के सम्मुख की जायेगी। नीलामी की अन्य शर्ते व सामग्री का अवलोकन दिनॉक 15.04.2022 तक कार्यालय दिवस व समय में किया जा सकता है।

अधिशासी अभियन्ता (मुख्यालय)
कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर–1)
ग्रामीण निर्माण विभाग
उत्तराखण्ड–देहरादून।


## पाहाड़ों का आम जनमानस कहीं न कहीं हो रहा उपेक्षा का शिकार

**संवाददाता**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ के राष्ट्रीय राजमार्ग से जुडी सड़क ऐंचोली ग्रिफ बैंड सड़क वर्तमान बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। जानकारी के मुताबिक ऐंचोली से ग्रिफ बैड तक चार दशमलव पांच किमी सड़क वर्तमान में बदहाली की मार झेलने को मजबूर है।

बता दें कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क को डामरीकरण ,चौड़ीकरण के लिए तीन करोड़ रूपये अवमुक्त कर दिये गये। दूसरी ओर विभाग द्वारा ठेकेदार को कार्य कराने के लिए निविदा प्रकिया पूरा करने के लिए बांड भी पास करा दिया गया। मगर



हालात इतने बद्त्तर हो चुके है कि ठेकेदार को दो साल पहले दिया गया टेंडर ठेकेदार आज तक पूरा नहीं कर सका है।

वही दूसरी ओर आमजन पर ठेकेदार की लापरवाही भारी पड़ रही है। नालियों के बंद पडे होने सड़कों में खुलेआम पानी के बहने से इस सड़क पर आये दिन हादसें बढ़ रहे है। अब तक सड़क का निर्माण कार्य बिल्कुल भी नही हो पाया है। यह सीमांत जनपद का प्रवेश द्वार है। इस प्रवेश द्वार को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा गया है। इस राजमार्ग से काफी तादात में वाहनों व पैदल राहगीरों की आवाजाही होती है। अब तक ठेकेदार द्वारा कार्य पर बरती लापवाही का खामियाजा आम जनमानस झेलने को मजबूर हो रहा है। वही इस बारे में एनएच के अधिकारी का कहनाहै कि संबधित ठेकेदार को कई बार नोटिस दे दिया गया है। मगर आजतक संबधित ठेकेदार ने इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया तक नही दी है। वही अब तक सड़क को ठीक कराने के कोई प्रयास धरातल पर होते नहीं नजर आ रहे है। सीमांत जनपद का आम जनमानस कहीं न कहीं उपेक्षा का शिकार हो रहे है।

## नशा उन्मूलन में पुलिस और प्रशासन का साथ देंगे सीनियर सिटीजन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन से सीनियर सिटीजन भी परेशान हैं। आल इंडिया सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसायटी ने अब नशा उन्मूलन के लिए मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। संगठन जागरुकता कार्यक्रम चलाने के साथ पुलिस और प्रशासन को भी पूरा सहयोग देगा। जिला मुख्यालय में हुई सोसायटी की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि संगठन अब वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के साथ ही साथ सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी अपना योगदान देगा। अगुआई करते हुए संगठन के अध्यक्ष दयानंद भट्ट ने कहा कि जिले में नशे की समस्या गंभीर है। युवा पीढ़ी का इस दलदल में फंसना भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। सीनियर सिटीजनों को अब नशा उन्मूलन में अपनी भूमिका निभानी होगी। इसके लिए कार्यक्रम तय किए जाएंगे। कार्यक्रम तय करने का दायित्व जीबी नगरकोटी को सौंपा गया। महासचिव एलपी जोशी ने कहा कि पालीथीन उन्मूलन में भी वरिष्ठ नागरिक अपना सहयोग देंगे।